निदेशालय मौलिक शिक्षा
हरियाणा, पंचकूला
<u>सार्वजनिक सूचना</u>

आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को सरकारी विद्यालयों से निजी मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा दूसरी से बारहवीं तक दाखिले करवाने के सम्बन्ध में स्कूल पंजीकरण बारे।

शैक्षणिक वर्ष 2022–23

यह सूचना, हरियाणा राज्य में निजी मान्यता प्राप्त विद्यालयों की जानकारी के लिये है कि हरियाणा सरकार द्वारा सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों को निजी मान्यता प्राप्त विद्यालयों में पढ़ने का समान अवसर देने हेतु एक महत्वाकांक्षी योजना तैयार की गई है। निजी मान्यता प्राप्त विद्यालयों की सहमति से जिन अभिभावकों की वार्षिक सत्यापित आय परिवार पहचान पत्र अनुसार 1 लाख 80 हजार रूपए या उससे कम है, उन छात्रों के दाखिले कक्षा दूसरी से बारहवीं तक निजी मान्यता प्राप्त विद्यालयों में करवाये जाने हैं। इस सम्बन्ध में इच्छुक विद्यालयों के लिए विद्यालय पंजीकरण हेतु **<u>दिनांक 23.04.2022</u>** से एक पोर्टल खोला जा रहा है।

इसके लिए विभाग द्वारा कक्षा 2 से 5 तक प्रति छात्र 700 रूपए, कक्षा 6 से 8 तक प्रति छात्र 900 रूपए एवं कक्षा 9 से 12 तक प्रति छात्र 1100 रूपए मासिक फीस या फार्म–6 में घोषित शुल्क राशि जो भी कम होगी, वह विद्यालयों को अदा की जाएगी।

निजी मान्यता प्राप्त विद्यालय दिनांक 23.04.2022 सायं 5 बजे से 30.04.2022 मध्यरात्रि 12 बजे तक विभागीय वैबसाईट <u>https://harprathmik.gov.in</u> पर दिये गए सैक्शन “Latest News” के अंतर्गत Seat Declaration Portal पर रजिस्ट्रेशन कर अपनी सहमति प्रदान कर सकते हैं।

हस्ता0
निदेशक मौलिक शिक्षा,
हरियाणा, पंचकूला।